कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री हर लाल मीणा, निवासी ग्राम कंवरपुरा बिदरखा, तहसील रामगढ पचवारा जिला दौसा राज0–303510

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा जिला दौसा

अपील संख्यां 143/2025

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 11.12.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना है जो लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा । से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2940 दिनांक 12.11.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा ने पत्र क्रमांकःआरटीआई/2025/600 दिनांक 03.12.2025 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना अपीलांट को प्रेषित करते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:11:50 IST
Reason: SelfAttested